This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
https://rajpatra.hp.gov.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शुक्रवार, 29 मई, 2026 / 08 ज्येष्ठ, 1948

हिमाचल प्रदेश सरकार

राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश
STATE ELECTION COMMISSION, HIMACHAL PRADESH
आर्मसडेल, शिमला.171 002 Armsdale, Shimla-171 002 , Tel. 0177-2620152,2620159, 2620154, Fax. 2620152
Email:secysec-hp@nic.in

NOTIFICATION

Dated 27th May, 2026

No.SEC(F)1-45/2024-I-8676.—Whereas the District Election Officer (P)-*cum*-Deputy Commissioner Chamba *vide* letter No. 3201, dated 26-05-2026 has intimated this Commission that

in Ward No.2 of Gram Panchayat Sanwal, Development Block Tissa certain voters were allowed to cast their votes through companion without completion of mandatory procedures. It has been further intimated that the procedural lapses committed are of serious nature, which have the potential to affect the fairness, transparency and sanctity of election process. It has been recommended by the Deputy Commissioner to cancel the election held in abovementioned ward and conduct a fresh election in the interest of fair and independent elections;

And whereas Rule 61 of the HP Panchayati Raj (Election) Rules, 1994 provides that if the Presiding Officer is satisfied that owing to blindness or other physical infirmity an elector is unable to recognise the symbol on the ballot paper or to make a mark thereon without assistance, the Presiding Officer shall permit the elector to take with him a companion of not less than eighteen years of age to the voting compartment for recording the vote. No person shall be permitted to act as the companion of more than one elector at any polling station on the same day. The companion of an elector shall be required to declare, in writing that he will keep secret the vote recorded by him on behalf of the elector and that he has not already acted as the companion of any other elector at any polling station on the same day;

And whereas the Presiding Officer has not followed the procedures prescribed under Rule 61 of the Rules *ibid* resulting into infringement of secrecy of voting;

And whereas the matter was placed before the Commission and the Commission is of the considered view that in view of the procedural lapses committed by the Presiding Officer, the polling process in Ward No.2 Guwari of Gram Panchayat Sanwal, Development Block Tissa, has been vitiated;

Therefore, the State Election Commission Himachal Pradesh in exercise of the powers vested in it under Article 243K of the Constitution of India, Section 160 of the HP Panchayati Raj Act, 1994 read with Rule 32(5) of the HP Panchayati Raj (Election) Rules, 1994 and all plenary powers enabling it in this behalf, hereby invalidates the polling process undertaken in Ward No. 2 Guwari of Gram Panchayat Sanwal, Development Block Tissa for all the five posts for which polling was undertaken on 26-05-2026. Further the Commission hereby directs as under:—

1. The already polled ballot boxes of ward No. 2 Guwari shall be sealed and kept under the custody of Block Development Officer Tissa. They shall not be opened till further orders of the Commission.

2. The polled ballot boxes of all other wards of the Gram Panchayat Sanwal with regard to office bearers of Gram Panchayat shall be kept in a strong room at Development Block Headquarters under armed guards till the counting of ballot papers.

3. The earlier polling party shall be immediately removed from election duty and a new polling party shall be deputed to undertake the poll in the said ward No.2.

4. The new ballot papers shall be issued in respect of all the five posts for the re-poll.

5. A new marked copy of the electoral rolls shall be issued to the polling party.

6. The poll in Ward No.2, Gram Panchayat Sanwal, Development Block Tissa for all the five posts shall be held on **30-05-2026** between **7.00 A.M. to 3.00 P.M.**

7. The votes polled through postal ballot paper shall also be kept in the safe custody of Returning Officer and shall be handed over to the Assistant Returning Officer concerned on 31-05-2026 before start of counting.

8. The counting of votes of Gram Panchayat Sanwal shall be undertaken on **31-05-2026** at Development Block Headquarters from 9.00 A.M. onwards.

9. The indelible ink shall be applied on the right hand index finger of the electors.

10. Wide publicity with regard to fresh poll in respect of abovementioned ward for all the five posts on 30-05-2026 and counting of votes of Gram Panchayat at Development Block Headquarters on **31-05-2026** from **9.00** A.M. onwards shall be made through loud speaker/any other means as you may deem fit for the information of all the voters.

11. Adequate security arrangements must be ensured in the interest of free, fair and independent elections.

By order,
ANIL KUMAR KHACHI,
State Election Commissioner.

राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश
STATE ELECTION COMMISSION, HIMACHAL PRADESH
आर्मसडेल, शिमला.171 002, Armsdale, Shimla-171 002, Tel. 0177-2620152, 2620159, 2620154, Fax. 2620152
Email:secysec-hp@nic.in

CORRIGENDUM

Dated the 28th May, 2026

No. SEC(F)1/49/2025-9012-17.—In continuation to this Commission Notification No. SEC-(F)1/49/2025-8333-8467, dated 23rd May, 2026. The name of the elected representative at Page No. 20 in Ward No. 11 (Purana Bazar) of the Municipal Council, Sundernagar shall be read as "**Vijay Kumar**" instead of "**Vijay Chauhan**".

Sd/-
SURJEET SINGH RATHORE,
Secretary,
State Election Commission.

HOME DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, the 23rd May, 2026

No. Home (A)B(2)-1/2020(Vol-I)Loose.—On the recommendations of the Departmental Promotion Committee, the Governor, Himachal Pradesh, is pleased to order the promotion of **Smt. Rajeshwari** Superintendent Grade-II to the post of Superintendent Grade-I (Class-I- Gazetted), in the pay scale as per Rule 3(j) of the HPCS (Revised Pay) Rule, 2022 (Level-16 in the pay matrix) in Police Department, Himachal Pradesh, on regular basis, with immediate effect, in public interest.

The above officer will be on probation for a period of two years or till retirement whichever is earlier. The Officer shall also exercise option for fixation of pay under the provision of

FR-22 within a period of one month from the date of issuing of this notification. The posting order of above Superintendent Grade-I will be issued separately.

This issues with the prior approval of the State Election Commission, Himachal Pradesh obtained *vide* their letter No.SEC(F)1-48/2025-7912, dated 20-05-2026.

By order,
Sd/-
(KAMLESH KUMAR PANT, IAS),
Addl. Chief Secretary (Home).

TOWN AND COUNTRY PLANNING DEPARTMENT

FORM -6

(*See* rule – 9)

Notice Of Adoption Of Existing Land Use Map

Shimla, the 23rd May, 2026

No.HIM/TP/PJT/Joginder Nagar-PA/1998/Vol-I/1358-1382.—Whereas, objections and suggestions were invited *vide* Notice No. HIM/TP/PJT/**Joginder Nagar**-PA/1998/Vol-I/5223-50, Dated 07-11-2023 published in Rajpatra on 09-11-2023 with respect to the Existing Land Use Map of **Joginder Nagar Planning Area**, under sub-section (1) of section 15 of the Himachal Pradesh Town and Country Planning Act, 1977 (Act No. 12 of 1977); and whereas, objection and suggestion were received and the modification have been made in the said Existing Land Use Map, wherever, required.

Now, therefore, in exercise of the powers vested under sub-section (3) of Section 15 of the Act *ibid*, Notice is given that the Existing Land Use Map for **Joginder Nagar Planning Area** is hereby adopted with modifications and a copy thereof is available for inspection during office hours in the following offices:—

1. The Director,
   Town and Country Planning Department,
   Nagar Yojana Bhawan, Block No. 32-A, Vikas Nagar,
   Kasumpati, Shimla, Himachal Pradesh.

2. The Town and Country Planner,
   Divisional Town Planning Office,
   Mandi, District Mandi, Himachal Pradesh.

3. Executive Officer,
   Nagar Parishad, Joginder Nagar,
   District Mandi, Himachal Pradesh.

The said Existing Land Use Map shall come into operation with effect from the date of publication of this Notice in the Official Gazette of Himachal Pradesh and it shall be conclusive evidence of the fact that the Map has been duly prepared and adopted.

Place: Shimla
Date: 23-05-2026

Sd/-
(HEMIS NEGI),
Director,
Town and Country Planning Deptt.

INDUSTRIES DEPARTMENT

Section-A

NOTIFICATION

Shimla-2, the 25th May, 2026

No.IND-A(F)4-1/2019.—In order to facilitate access to quality testing infrastructure for Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs), to promote Ease of Doing Business within the State and after identifying and mapping all available testing facilities within the geographical boundaries of Himachal Pradesh, covering both public and private sectors, the Governor, Himachal Pradesh, is therefore, pleased to notify the Unified Directory of Testing Facilities for use by MSMEs in the State as per Annexure-A of this Notification. The said directory also includes testing facilities geographically located within the State but administered or owned by Central Government agencies, State Government agencies, Private agencies as well as NABL-accredited laboratories. The Directory further covers laboratories and facilities associated with MSME Testing Centres (MSME-TCs), Bureau of Indian Standards (BIS), Himachal Pradesh State Pollution Control Board, Food & Drug Administration/Authorities, and other relevant regulatory or certification bodies. The State-level directory has been developed in a standardized format to enable seamless integration, wherever feasible, with the Central Government's directory of testing facilities for MSMEs.

The Governor, Himachal Pradesh is further pleased to designate the Department of Industries, Himachal Pradesh, as the nodal authority responsible for:

(i) Compilation and maintenance of the directory

(ii) Periodic updation and verification of facility details

(iii) Dissemination of the directory for public access.

The Directory shall be updated on a regular basis to ensure accuracy and inclusion of newly established facilities, and all concerned departments, institutions, and stakeholders are hereby directed to extend full cooperation by providing necessary information as and when required. The unified directory is made accessible through appropriate digital platforms, including the Himachal Pradesh Single Window Portal (SSWP) and official Government websites, to ensure ease of access for MSMEs across the State.

This notification shall come into force with immediate effect.

By order,
Sd/-
(R. D. NAZEEM, I.A.S),
Additional Chief Secretary (Industries) .

नगर निगम बद्दी

अधिसूचना

दिनांक, 23 मई, 2026

क्रमांकः एम0 कॉर्प0 बद्दी / बाई लॉज (Door To Door) / 2026–(3).––हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 (अधिनियम संख्या 12 सन् 1994) की धारा 395 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नगर निगम बद्दी द्वारा निम्नलिखित "घर–घर कूड़ा संग्रहण एवं निस्तारण उपविधियां, 2026" बनाने का प्रस्ताव किया जाता है।

उक्त उप–विधियों के प्रारूप को राजपत्र संख्या 03/GAZETTE/2026 दिनांक 04–04–2026 के माध्यम से राजपत्र में प्रकाशित किया गया था, ताकि इसके संबंध में आम जनता से प्रकाशन की तिथि से तीस (30) दिनों की अवधि के भीतर आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित किए जा सकें।

और जबकि, निर्धारित अवधि के भीतर कोई भी आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है;

अतएव, अब हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 395 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नगर निगम बद्दी द्वारा "घर–घर कूड़ा संग्रहण एवं निस्तारण उप–विधियां, 2026" को अंतिम रूप से प्रकाशित एवं अधिसूचित किया जाता है।

ये उप–विधियां राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगी।

अध्याय–I
सामान्य

1. लघु शीर्षक एवं प्रवर्तनः

(क) इन प्रारूप उप–विधियों को "घर–घर कचरा संग्रहण एवं निस्तारण उप–विधियां, 2026, नगर निगम बद्दी कहा जाएगा।

(ख) ये उप–विधियां हिमाचल प्रदेश सरकार के राजपत्र (ई–गजट) में स्वीकृति एवं प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगी।

(ग) ये उप–विधियां नगर निगम बद्दी के समस्त क्षेत्र में लागू होंगी।

2. परिभाषाएं.–– इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,––

(क) **"अधिनियम"** से अभिप्राय हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 है

(ख) **"थोक अपशिष्ट जनरेटर (Bulk Waste Generator)"** से अभिप्राय तथा इसमें वे भवन सम्मिलित हैं, जिनमें केंद्रीय सरकार के विभाग या उपक्रम, राज्य सरकार के विभाग या उपक्रम, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या निजी कंपनियां, अस्पताल, नर्सिंग होम, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, अन्य शैक्षणिक संस्थान, छात्रावास, होटल, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, बाजार, धार्मिक स्थल, स्टेडियम एवं खेल परिसर शामिल हैं, जिनमें औसत अपशिष्ट उत्पादन दर 100 किलोग्राम प्रतिदिन से अधिक हो।

(ग) **"कम्पोस्टिंग"** से अभिप्राय एक नियंत्रित प्रक्रिया है, जिसमें सूक्ष्मजीवों द्वारा कार्बनिक पदार्थों का अपघटन किया जाता है।

(घ) **"निस्तारण"** से अभिप्राय प्रसंस्करण के पश्चात शेष ठोस अपशिष्ट तथा इनर्ट सड़क झाड़ू कचरा एवं सतही नालियों की गाद का अनुसूची–I में निर्दिष्ट अनुसार अंतिम एवं सुरक्षित निपटान, जिससे भूजल, सतही जल, परिवेशीय वायु का प्रदूषण तथा पशु–पक्षियों का आकर्षण रोका जा सके।

(ङ) "**घरेलू खतरनाक अपशिष्ट**" से अभिप्राय घरेलू स्तर पर उत्पन्न त्यागे गए पेंट के डिब्बे, कीटनाशक के कनस्तर, CFL बल्ब, ट्यूब लाइट, एक्सपायर दवाइयाँ, टूटे हुए पारे के थर्मामीटर, प्रयुक्त बैटरियां, प्रयुक्त सुई एवं सिरिंज तथा दूषित गॉज आदि हैं।

(च) **"घर–घर कचरा संग्रहण"** से अभिप्राय घरों, दुकानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, वाहन शोरूम, कार्यालयों, संस्थागत या अन्य गैर–आवासीय परिसरों के द्वार पर जाकर ठोस अपशिष्ट का संग्रहण करना है तथा इसमें आवासीय सोसायटी, बहुमंजिला भवनों या अपार्टमेंट्स, बड़े आवासीय, वाणिज्यिक या संस्थागत परिसरों में प्रवेश द्वार या भूतल पर निर्दिष्ट स्थान से कचरे का संग्रहण भी सम्मिलित हैं।

(छ) **"सूखा कचरा"** से अभिप्राय जैव–अपघटनीय कचरे एवं इनट सड़क झाड़ू कचरे के अतिरिक्त अन्य कचरा, जिसमें पुनर्चक्रण योग्य एवं अपुनर्चक्रणीय कचरा, ज्वलनशील कचरा तथा सेनेटरी नैपकिन एवं डायपर आदि शामिल हैं।

(ज) **"डम्प साइट"** से अभिप्राय वह भूमि है, जिसका उपयोग स्थानीय निकाय द्वारा ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु बिना वैज्ञानिक लैंडफिल सिद्धांतों का पालन किए किया जाता है।

(झ) **"जुर्माना / दण्ड"** से अभिप्राय इन उप–विधियों के अंतर्गत निहित निर्देशों के अनुपालन न करने पर अपशिष्ट जनकों या अपशिष्ट प्रसंस्करण एवं निस्तारण सुविधाओं के संचालकों पर लगाया गया दण्ड है।

(ञ) **"नगरपालिका"** से अभिप्राय हिमाचल प्रदेश की नगर निगम / नगर परिषद / नगर पंचायत है।

(ट) **"अजैव–अपघटनीय कचरा"** से अभिप्राय ऐसा कचरा है, जिसे सूक्ष्मजीवों द्वारा सरल स्थिर यौगिकों में अपघटित नहीं किया जा सकता।

(ठ) **"वैज्ञानिक लैंडफिल (Sanitary Land Filling)"** से अभिप्राय अवशिष्ट ठोस अपशिष्ट एवं जड़ अपशिष्ट का भूमि पर ऐसे संरक्षित एवं सुरक्षित तरीके से अंतिम निस्तारण, जिसमें भूजल, सतही जल, वायु प्रदूषण, दुर्गंध, आग का खतरा, पशु–पक्षियों, कीटों एवं कृन्तकों का उपद्रव, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, स्थायी कार्बनिक प्रदूषक, ढलान अस्थिरता एवं कटाव से सुरक्षा के उपाय सम्मिलित हों।

(ड) **"सेनेटरी कचरा"** से अभिप्राय प्रयुक्त डायपर, सेनेटरी नैपकिन / टॉवल, टैम्पोन, कंडोम, असंयम शीट एवं अन्य समान प्रकार के कचरे से है।

(ढ) **"अनुसूची"** से अभिप्राय साइन बोर्ड के संबंध में दरों को दर्शाने वाली अनुसूची है

(ण) **"द्वितीयक भंडारण"** से अभिप्राय ठोस अपशिष्ट का संग्रहण के पश्चात अस्थायी रूप से द्वितीयक भंडारण केंद्रों, सामग्री पुनर्प्राप्ति केंद्र (MRF) या डिब्बों में रखना, ताकि आगे प्रसंस्करण या निस्तारण स्थल तक परिवहन किया जा सके।

(त) **"छंटाई (Segregation)"** से अभिप्राय ठोस अपशिष्ट के विभिन्न घटकों का पृथक्करण एवं अलग–अलग भंडारण करना है, जैसे जैव–अपघटनीय कचरा (जिसमें कृषि एवं डेयरी कचरा शामिल है), अजैव–अपघटनीय कचरा (जिसमें पुनर्चक्रण योग्य कचरा शामिल है), अपुनर्चक्रणीय ज्वलनशील कचरा, सेनेटरी कचरा, जड़ कचरा, घरेलू खतरनाक कचरा तथा निर्माण एवं विध्वंस कचरा।

(थ) **"सेवा प्रदाता"** से अभिप्राय वह प्राधिकरण है, जो जल, सीवरेज, विद्युत, टेलीफोन, सड़क, नाली आदि जैसी सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं प्रदान करता है।

(द) **"उपयोगकर्ता शुल्क / प्रभार"** से अभिप्राय स्थानीय निकाय अथवा नियमों में वर्णित किसी इकाई द्वारा अपशिष्ट जनकों पर लगाया गया शुल्क है, जिससे ठोस अपशिष्ट के संग्रहण, परिवहन, प्रसंस्करण एवं निस्तारण की लागत का पूर्ण या आंशिक वहन किया जा सके।

(ध) **"कचरा बीनने वाला / कचरा संग्राहक"** से अभिप्राय वह व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह है, जो अनौपचारिक रूप से कचरे के स्त्रोत, सड़कों, डिब्बों, सामग्री पुनर्प्राप्ति केंद्रों, प्रसंस्करण एवं निस्तारण स्थलों से पुनः उपयोग योग्य एवं पुनर्चक्रण योग्य ठोस अपशिष्ट एकत्र कर, उसे पुनर्चक्रणकर्ताओं को सीधे या बिचौलियों के माध्यम से बेचकर अपनी आजीविका अर्जित करता है।

इसमें प्रयुक्त शब्द एवं अभिव्यक्तियाँ, जो यहां पर परिभाषित नहीं हैं, परंतु पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977, वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981, हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994, हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 में परिभाषित हैं, उनका वही अर्थ होगा जो इन संबंधित अधिनियमों एवं नियमों में निर्दिष्ट किया गया है।

अध्याय–II
नगर निगम ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन

3. नगर निगम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन.––नगर निगम बद्दी एक एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) प्रणाली स्थापित करेगा, जिसका उद्देश्य अपशिष्ट के निपटान की मात्रा को कम करना तथा संसाधनों के अधिकतम उपयोग, पुनर्प्राप्ति और दक्षता को बढ़ाना होगा। वांछित अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली निम्नलिखित बिंदुओं पर केंद्रित होगी,–

(I) **स्त्रोत पर कमी एवं पुनः उपयोग**.––ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सबसे प्राथमिक विकल्प अपशिष्ट के उत्पन्न होने की रोकथाम होगा। इससे अपशिष्ट के प्रबंधन, उपचार एवं निपटान की लागत में कमी आएगी तथा लीचेट, वायु उत्सर्जन एवं ग्रीनहाउस गैसों के उत्पन्न होने जैसे पर्यावरणीय प्रभावों में विशेष रूप से कमी होगी।

(II) **अपशिष्ट पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग)**.––अलगाव (सेग्रिगेशन), संग्रहण एवं पुनः प्रसंस्करण की प्रक्रिया के माध्यम से पुनर्चक्रण योग्य सामग्री की पुनर्प्राप्ति कर नए उत्पादों का निर्माण करना अगला वांछित विकल्प होगा।

(III) **कम्पोस्टिंगः** यथासंभव अपशिष्ट के जैविक अंश का कम्पोस्ट बनाकर उसका उपयोग मृदा की उर्वरता एवं कृषि उत्पादन में सुधार हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाएगा।

(IV) **अपशिष्ट से ऊर्जा (Waste-to-Energy)**.––जहाँ अपशिष्ट से सामग्री की पुनर्प्राप्ति संभव नहीं हो, वहां ऊष्मा, विद्युत या ईंधन के उत्पादन के माध्यम से ऊर्जा की प्राप्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। बायो–मीथनेशन, अपशिष्ट दहन (इंसिनरेशन), रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल (RDF) का उत्पादन तथा छंटे हुए शुष्क अपशिष्ट के सह–प्रसंस्करण जैसी तकनीकों को सामान्यतः अपनाया जाएगा।

(V) अपशिष्ट का निपटानः शेष अवशिष्ट अपशिष्ट, जिसमें मुख्यतः निष्क्रिय पदार्थ (इनर्ट्स) होते हैं, का निपटान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार निर्मित वैज्ञानिक लैंडफिल स्थलों में किया जाएगा।

(VI) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली पर्यावरण के अनुकूल होगी। ग्रीनहाउस गैसों में कमी लाने हेतु अपशिष्ट न्यूनिकरण, पुनर्चक्रण, अपशिष्ट से ऊर्जा रणनीतियाँ तथा लैंडफिल गैस के संग्रहण एवं उपयोग जैसे उपाय, जैसा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 में प्रोत्साहित किया गया है, अपनाए जाएंगे।

अध्याय–III

नगर निगम ठोस अपशिष्ट का संग्रहण एवं परिवहन

4. नगर निगम ठोस अपशिष्ट का पृथक्करण एवं प्राथमिक भंडारण.—(क) प्रत्येक अपशिष्ट उत्पादक / नागरिक का यह प्रमुख दायित्व होगा कि वह अपने द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट को तीन पृथक धारा जैव अपघटनीय, अजैव अपघटनीय तथा घरेलू खतरनाक अपशिष्टकृत में (या समय–समय पर दिए गए निर्देशों के अनुसार) उपयुक्त ढक्कनयुक्त डिब्बों में अलग–अलग रखे तथा निर्धारित समय पर नगर निगम बद्दी अथवा उसके द्वारा नियुक्त एजेंसी / अधिकृत कचरा संग्राहक को सौंपे। प्रत्येक नागरिक को घर–घर कचरा संग्रहण सेवा के लिए निर्धारित मासिक शुल्क का भुगतान करना होगा।

(ख) अपशिष्ट उत्पादकों को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे स्त्रोत पर ही अपशिष्ट का पृथक्करण करें तथा उसे तीन अलग–अलग रंग के डिब्बों में संग्रहित करें, जैसे / हरा (जैव अपघटनीय अपशिष्ट), नीला (अजैव अपघटनीय अपशिष्ट) तथा लाल (घरेलू खतरनाक अपशिष्ट)।

(ग) 5,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले सभी संस्थान इन उपविधियों के अधिसूचना की तिथि से एक वर्ष के भीतर नगर निगम बद्दी के साथ समन्वय स्थापित कर स्त्रोत पर अपशिष्ट का पृथक्करण सुनिश्चित करेंगे, पृथक धाराओं में संग्रहण की व्यवस्था करेंगे तथा पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को अधिकृत कचरा बीनने वालों या अधिकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं को सौंपेंगे। जैव अपघटनीय अपशिष्ट का यथासंभव परिसर में ही कम्पोस्टिंग या बायो–मीथनेशन के माध्यम से उपचार एवं निपटान किया जाएगा। अवशिष्ट अपशिष्ट को नगर निगम के निर्देशानुसार कचरा संग्राहक या एजेंसी को दिया जाएगा।

(घ) कोई भी व्यक्ति बिना नगर निगम को कम से कम तीन कार्य दिवस पूर्व सूचना दिए, किसी भी बिना लाइसेंस वाले स्थान पर 100 से अधिक व्यक्तियों का कोई आयोजन या सभा नहीं करेगा। ऐसे आयोजनकर्ता को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपशिष्ट का स्त्रोत पर पृथक्करण हो तथा पृथक अपशिष्ट को नगर निगम द्वारा निर्दिष्ट कचरा संग्राहक / एजेंसी को सौंपा जाए।

(ङ) प्रयुक्त स्वच्छता (सैनिटरी) अपशिष्ट को, उत्पन्न होते ही, निर्माताओं / ब्रांड मालिकों द्वारा प्रदान किए गए पैकेटों में या अखबार / उपयुक्त जैव अपघटनीय रैपिंग सामग्री में सुरक्षित रूप से लपेटकर, अजैव अपघटनीय या सूखे अपशिष्ट हेतु निर्धारित डिब्बे में रखा जाएगा।

(च) प्रत्येक स्ट्रीट वेंडर अपने कार्य के दौरान उत्पन्न अपशिष्टकृत जैसे खाद्य अपशिष्ट, डिस्पोजेबल प्लेटें, कप, डिब्बे, रैपर, नारियल के छिलके, बचा हुआ भोजन, सब्जियां, फल आदि के संग्रहण हेतु उपयुक्त पात्र रखेगा तथा इस अपशिष्ट को नगर निगम बद्दी द्वारा अधिसूचित कचरा संग्रहण केंद्र / कंटेनर / वाहन में डालेगा।

(छ) निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट को उत्पन्न होने पर स्वामी अपने परिसर में पृथक रूप से संग्रहित करेगा तथा उसका निपटान निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार करेगा।

(ज) उद्यान एवं बागवानी अपशिष्ट (जैसे पार्क, स्टेडियम आदि) के बड़े अपशिष्ट उत्पादक अपने परिसर में इस अपशिष्ट को पृथक रूप से संग्रहित करेंगे तथा नगर निगम द्वारा समय–समय पर निर्धारित तरीके से उसका निपटान करेंगे।

(झ) कोई भी अनुपचारित जैव–चिकित्सीय अपशिष्ट, ई–अपशिष्ट, खतरनाक रसायन या औद्योगिक अपशिष्ट नगर निगम ठोस अपशिष्ट के साथ मिश्रित नहीं किया जाएगा तथा ऐसे अपशिष्ट उत्पादकों को इसके लिए निर्धारित पृथक नियमों का पालन करना होगा।

(ञ) प्रत्येक अपशिष्ट उत्पादक यह सुनिश्चित करेगा कि उसके द्वारा उत्पन्न ठोस अपशिष्ट को न तो जलाया जाए और न ही दफनाया जाए, तथा उसे सड़कों / खुले सार्वजनिक स्थानों / नालियों या जल स्त्रोतों में नहीं फेंका जाए।

(ट) सड़कों, खुले स्थानों, जल स्त्रोतों या नालियों में कचरा फेंकने पर मौके पर ही जुर्माना लगाया जाएगा। बार–बार उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई एवं विधिक कार्यवाही की जाएगी।

(ठ) समय–समय पर जन–जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों को प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रमों में RWA (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन), स्थानीय गैर–सरकारी संगठन (NGOs), जन प्रतिनिधि तथा निर्वाचित स्थानीय सदस्य को शामिल किया जाएगा, ताकि नागरिकों को प्रेरित किया जा सके।

5. ठोस अपशिष्ट (कचरा) का प्राथमिक संग्रहण.—(क) नगर / कस्बे के प्रत्येक घर से कचरे के प्राथमिक संग्रहण हेतु उपलब्ध सड़क की चौड़ाई के अनुसार व्हील बैरो, पुश कार्ट, ट्राइसाइकिल, छोटे ऑटो टिप्पर आदि साधनों का उपयोग किया जाएगा।

(ख) नगर निगम द्वारा सभी घरों, झुग्गी–झोंपड़ी एवं अनौपचारिक बस्तियों, वाणिज्यिक, संस्थागत तथा अन्य गैर–आवासीय परिसरों से पृथक किए गए ठोस कचरे का दैनिक घर–घर जाकर संग्रहण सुनिश्चित किया जाएगा। बहुमंजिला इमारतों, बड़े वाणिज्यिक परिसरों, मॉल, आवासीय कॉम्प्लेक्स आदि से कचरा प्रवेश द्वार या किसी निर्दिष्ट स्थान से एकत्र किया जा सकता है।

(ग) नगर निगम को अपशिष्ट संग्राहकों / अनौपचारिक कचरा बीनने वालों के संगठनों की पहचान हेतु व्यवस्था स्थापित करनी होगी तथा उन्हें बढ़ावा देते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक समुचित प्रणाली विकसित करनी होगी, जिसमें घर–घर कचरा संग्रहण भी शामिल होगा।

(घ) नगर निगम स्वयं सहायता समूहों (Self Help Groups) के गठन को प्रोत्साहित करेगा, उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराएगा तथा अनौपचारिक कचरा बीनने वालों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, विशेषकर घर–घर कचरा संग्रहण में सम्मिलित करेगा।

(ङ) नगर निगम सड़कों, गलियों एवं उप–गलियों की सफाई से उत्पन्न कचरे का पृथक संग्रहण दैनिक, वैकल्पिक दिवसों पर अथवा सप्ताह में दो बार, जनसंख्या घनत्व, वाणिज्यिक गतिविधियों एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार करेगा।

(च) नगर निगम उद्यानों, पार्कों एवं बाग–बगीचों से उत्पन्न कचरे का पृथक संग्रहण करेगा तथा यथासंभव उसी स्थल पर उसका प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) सुनिश्चित करेगा।

(छ) घर–घर कचरा संग्रहण सेवाओं का समय नगर निगम द्वारा निर्धारित किया जाएगा। सामान्यतः यह समय प्रातः 6.00 बजे से 9.00 बजे तक होगा। कचरा संग्रहण हेतु प्रयुक्त वाहन जैसे ट्राइसाइकिल, ऑटो टिप्पर आदि में निर्धारित ध्वनि स्तर (डेसिबल) के अनुरूप अलार्म होना चाहिए तथा सफाई कर्मचारियों द्वारा निर्धारित समय का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

(ज) वाणिज्यिक परिसरों, कार्यालयों एवं सेकेंडरी बिन्स से कचरा संग्रहण का समय प्रातः 9.00 बजे से 11.00 बजे तक या नगर निगम द्वारा निर्धारित अनुसार होगा।

(झ) नगर निगम प्लास्टिक अपशिष्ट का पृथक संग्रहण Plastic Waste Management Rules] 2016 के अनुसार करेगा।

(ञ) प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं शिकायत निवारण हेतु नगर निगम आवश्यकता अनुसार कार्यालय / केंद्र स्थापित करेगा।

(ट) घर–घर कचरा संग्रहण सेवाओं हेतु उपयोगकर्ता शुल्क निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर निर्धारित किया जाएगा.—

क्र0 सं0	उपयोगकर्ता की श्रेणी	उपयोगकर्ता शुल्क (मासिक आधार पर) (रू0 में)
1.	आवासीय (2000 वर्ग फुट से कम)	50
2.	आवासीय (2000 वर्ग फुट से अधिक)	100
3.	वाणिज्यिक परिसर (ढाबा, मिठाई की दुकान, कॉफी हाउस, किराना स्टोर	350
4.	पान की दुकान	80
5.	चाय की दुकान	80
6.	दुकानें (दैनिक उपयोग, कपड़े आदि)	100
7.	सब्जी एवं फल की दुकान (Wholesale)	1000
8.	सब्जी एवं फल की दुकान (Retails)	250
9.	मिठाई / नाश्ता दुकान (बड़ी)	400
10.	कार्यालय (2 कमरे)	100
11.	कार्यालय (3–5 कमरे)	250
12.	कार्यालय (6–10 कमरे)	1000
13.	कार्यालय (11–20 कमरे)	2000
14.	कार्यालय (11–20 से ज्यादा कमरे)	20 कमरों के लिए 2000 रुपये प्रत्येक अतिरिक्त कमरे के लिए 100 रुपये।
15.	बैंक बैंक (क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट से अधिक)	500 750
16.	सरकारी विद्यालय	100
17.	निजी विद्यालय (100 छात्रों तक, प्रमाण पत्र सहित)	500
18.	निजी विद्यालय (100 से अधिक छात्र)	1500
19.	बेकरी (छोटी)	500
20.	बेकरी (निर्माण इकाई)	1200
21.	पीजी / हॉस्टल / गेस्ट हाउस (10 कमरे तक)	500
22.	पीजी / हॉस्टल / गेस्ट हाउस (11 से 20 कमरे तक)	1500
23.	पीजी / हॉस्टल / गेस्ट हाउस (21 से 30 कमरे तक)	2500
24.	पीजी / हॉस्टल / गेस्ट हाउस (30 कमरे से ज्यादा)	30 कमरों के लिए 2500 रुपये. प्रत्येक अतिरिक्त कमरे के लिए 50 रुपये।
25.	धर्मशाला	550
26.	वर्कशॉप (टायर पंचर)	100
27.	वर्कशॉप (मरम्मत)	250
28.	वर्कशॉप (मरम्मत + स्पेयर पार्ट्स)	500
29.	वर्कशॉप (वाहन शोरूम + मरम्मत +स्पेयर पार्ट्स)	750
30.	वाहन शोरूम	600
31.	वर्कशॉप (जो किसी NH/SH से नहीं जुड़ी)	300
32.	रेस्टोरेंट	1500
33.	रेस्टोरेंट + बार	1700
34.	सिनेमा हॉल (मल्टीप्लेक्स सहित)	1500
35.	सरकारी कॉलेज	1000
36.	निजी कॉलेज	1500
37.	अस्पताल / नर्सिंग होम (50 बेड तक)	1500
38.	अस्पतालध्नर्सिंग होम (51–100 बेड)	2000
39.	अस्पताल / नर्सिंग होम (100 से अधिक बेड)	2000 + 250 प्रत्येक अतिरिक्त बिस्तर के लिए रुपये।
40.	क्लिनिक	500

41.	क्लिनिक (दवा दुकान सहित)	1000
42.	केमिस्ट की दुकान	200
43.	प्रयोगशाला (लैब)	200
44.	बैंक्वेट हॉल / होटल	2000, और मांग पर प्रति ट्रिप 2000
45.	विशेष होटल (50 से अधिक कमरे)	15000, और मांग पर प्रति ट्रिप 2000
46.	डम्पर वाहन (मांग पर)	3000 प्रति ट्रिप
47.	बड़े मॉल	2000 प्रति मंजिल
48.	मांस की दुकान (चिकन वेस्ट वाहन से जुड़ी नहीं)	500
49.	कन्फेक्शनरी सब्जी दुकान	250
50.	कबाड़ी (स्क्रैप डीलर)	400
51.	रेहड़ी विक्रेता	100
52.	घरों में पशुओं का गोबर	350
53.	सैलून	750
54.	बड़े कपड़े की दुकान	1000
55.	अन्य संस्थान (उपरोक्त में शामिल नहीं)	नगर निगम बद्दी द्वारा निर्धारित की जाएगी

नोट.–निर्धारित उपयोगकर्ता शुल्क को नगर निगम द्वारा समय–समय पर "प्रदूषक भुगतान सिद्धांत (Polluter Pay Principle)" को ध्यान में रखते हुए संशोधित किया जा सकता है, ताकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत सेवाओं के संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance) की लागत को पूरा किया जा सके।

(क) उपर्युक्त निर्धारित घर–घर कचरा संग्रहण सेवाओं के लिए उपयोगकर्ता शुल्क नगर निगम की सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों के प्रत्येक घर एवं अन्य प्रतिष्ठानों से अनिवार्य रूप से वसूला जाएगा। निर्धारित उपयोगकर्ता शुल्क, संबंधित संपर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाइल नंबर आदि की जानकारी आम जनता तक विभिन्न माध्यमों जैसे इन सेवाओं में प्रयुक्त वाहनों पर प्रदर्शित करना, होर्डिंग्स, पंपलेट आदि के माध्यम से पहुंचाई जाएगी। साथ ही जन–जागरूकता अभियान भी आयोजित किए जाएंगे।

(ख) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार, कचरे को कम्पैक्टर में बिना किसी सुरक्षा उपाय के या खुले हाथों से मैन्युअल रूप से लोड या अनलोड करना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।

6. नगर ठोस अपशिष्ट का द्वितीयक भंडारण (Secondary Storage).—(क) जहां तक संभव हो, नगर निगम बद्दी नगर क्षेत्र में बिना डस्टबिन (Bin Free) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करने का प्रयास करेगा। इसके लिए कचरा उत्पादक के द्वार से 100% कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाएगा।

(ख) तथापि, जिन क्षेत्रों में जनसंख्या घनत्व कम है अथवा 100% घर–घर संग्रहण व्यवहार्य नहीं है, वहां नगर निगम बद्दी स्वयं अथवा नियुक्त एजेंसी के माध्यम से कचरा संग्रह हेतु भंडारण डिब्बे / द्वितीयक संग्रहण स्थल विकसित करेगा। इन डिब्बों की स्थिति की निगरानी भी की जाएगी ताकि आसपास गंदगी या अस्वच्छता न फैले। द्वितीयक भंडारण स्थापित एवं संचालित करते समय निम्नलिखित सावधानियां अपनाई जाएँगीः–

(I) भंडारण / द्वितीयक डिब्बों का डिजाइन कचरे की मात्रा एवं अधिसूचित नगर क्षेत्र की जनसंख्या घनत्व के आधार पर किया जाएगा। दो डिब्बों के बीच न्यूनतम दूरी 500 मीटर होगी। स्थापित डिब्बे ढक्कनयुक्त होंगे तथा धातु या अधातु सड़क से जुड़े / सुगम्य होंगे।

(II) नगर निगम अथवा नियुक्त एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए डिब्बों का डिजाइन ऐसा होगा कि उसमें डाला गया कचरा खुले वातावरण में न फैले तथा वह आकर्षक भी हो ताकि लोग कचरा खुले में फेंकने के बजाए डिब्बों में डालने के लिए प्रेरित हों।

(III) निर्धारित स्थानों पर लगाए गए डिब्बे लोगों को कचरे का पृथक्करण (Segregation) करने हेतु प्रेरित करेंगे तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार रंग–कोडिंग युक्त होंगेः

हरा (Green): जैव–अवक्रमणीय कचरा (खाद्य अपशिष्ट, बगीचे का कचरा)
नीला (Blue): अजैव–अवक्रमणीय कचरा
लाल (Red): खतरनाक / विषैला कचरा

(IV) कचरे के परिवहन एवं डिब्बों को खाली करने हेतु सुव्यवस्थित वाहन जैसे ऑटो टिप्पर / कम्पैक्टर का उपयोग किया जाएगा।

(ग) सभी सहकारी समितियां, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन / सोसाइटी एवं संस्थागत संगठन अपने परिसर में नगर निगम द्वारा अनुमोदित उपयुक्त संख्या में डिब्बे निर्धारित स्थान पर स्थापित करने के लिए उत्तरदायी होंगे, ताकि उत्पन्न कचरे का समुचित भंडारण हो सके एवं समय–समय पर नगर निगम के वाहन द्वारा संग्रहण किया जा सके। इन सेवाओं हेतु निर्धारित उपयोगकर्ता शुल्क स्थानीय निकाय के अधिकृत व्यक्ति द्वारा वसूला जाएगा।

(घ) सभी कचरा उत्पादकों / नागरिकों की यह प्राथमिक जिम्मेदारी होगी कि वे पुनर्चक्रण योग्य कचरे (recyclable waste) को अलग रखें तथा रैग–पिकर्स / कबाड़ी या नगर निगम द्वारा नामित व्यक्ति / संस्था को सौंपें / बेचें। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसा कचरा सड़क, नाली, डिब्बों या खुले स्थानों पर न फेंका जाए।

(ङ) घर–घर कचरा संग्रहण, डिब्बों की व्यवस्था, कचरे का संग्रहण एवं परिवहन, प्रसंस्करण तथा सैनिटरी लैंडफिल साइट पर निस्तारण–ये सभी सेवाएं नगर निगम या नियुक्त एजेंसी द्वारा प्रदान की जाएंगी। इन सेवाओं के लिए उपयोगकर्ता शुल्क लिया जाएगा तथा उल्लंघन करने वालों पर मौके पर जुर्माना या नियमों के अनुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

(च) बूचड़खाना, मछली बाजार, फल एवं सब्जी बाजार से उत्पन्न कचरा जैव–अवक्रमणीय होता है, अतः इसके लिए उचित भंडारण एवं कम्पोस्टिंग की व्यवस्था की जाएगी ताकि इससे जैविक खाद तैयार की जा सके। प्रत्येक उत्पादक को कचरे का पृथक्करण एवं उचित भंडारण सुनिश्चित करना होगा। ऐसे कचरे का 100% घर–घर संग्रहण कर प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। उल्लंघन की स्थिति में जुर्माना या विधिक कार्यवाही की जाएगी।

(छ) नगर निगम घरेलू खतरनाक कचरे के लिए पृथक संग्रहण केंद्र स्थापित करेगा तथा कचरा उत्पादकों को निर्देश देगा कि वे ऐसे कचरे को सुरक्षित निस्तारण हेतु इन केंद्रों पर जमा करें। प्रत्येक 20 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र (या उसके भाग) के लिए एक केंद्र स्थापित किया जाएगा तथा कचरा जमा करने का समय भी निर्धारित किया जाएगा।

(ज) जैव–चिकित्सीय (Bio-medical) एवं औद्योगिक कचरे को नगर निगम के कचरे के साथ मिश्रित नहीं किया जाएगा। इसका पृथक भंडारण एवं निस्तारण संबंधित नियमों के अनुसार किया जाएगा। इसके लिए सामान्य बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट सुविधा (CBMWTF) स्थापित की जाएगी। निर्धारित शुल्क देकर ऐसे कचरे का निस्तारण किया जा सकेगा।

(झ) निर्माण एवं विध्वंस (C&D) कचरे को उत्पन्न होने पर पृथक रूप से स्वामी के परिसर में संग्रहित किया जाएगा तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार निस्तारित किया जाएगा। नगर निगम इसके परिवहन एवं निस्तारण हेतु शुल्क निर्धारित करेगा। खुले स्थान, सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थान पर ऐसे कचरे का निस्तारण अवैध माना जाएगा एवं दंडनीय होगा।

(ञ) बागवानी / उद्यान कचरे को भी स्रोत पर अलग रखा जाएगा। नगर निगम सप्ताह में एक या दो दिन निर्धारित करेगा तथा स्थान तय करेगा जहाँ कचरा जमा किया जाएगा और वहाँ से निस्तारण स्थल तक पहुँचाया जाएगा।

(ट) सूखी पत्तियां, प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को खुले में जलाना प्रतिबंधित होगा। ऐसा करना अवैध एवं दंडनीय होगा।

(ठ) आवारा पशुओं को कचरा निस्तारण स्थलों, द्वितीयक भंडारण डिब्बों एवं सार्वजनिक स्थानों के आसपास घूमने से रोका जाएगा।

(ड) प्रत्येक नागरिक, संस्थान, कार्यालय भवन एवं वाणिज्यिक परिसर यह सुनिश्चित करेगा कि ग्रे वाटर, ब्लैक वाटर या अन्य प्रदूषित जल का खुले में, नालियों, सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर निर्वाहन न हो। ऐसा करना अवैध एवं दंडनीय होगा।

(ढ) कोई भी व्यक्ति मृत पशु या अन्य अपशिष्ट को खुले स्थान, सड़क किनारे, पार्क या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नहीं फेंकेगा। ऐसा करना अवैध एवं दंडनीय होगा।

(ण) नगर निगम सड़कों की सफाई से प्राप्त कचरे एवं नालियों से निकाली गई गाद के अस्थायी भंडारण हेतु ढके हुए द्वितीयक भंडारण स्थल स्थापित करेगा। जहाँ ऐसे कचरे को सीधे परिवहन वाहन में डालना संभव न हो, वहाँ एकत्रित कचरे को निर्धारित अंतराल पर एकत्र कर निस्तारित किया जाएगा।

7. नगर ठोस अपशिष्ट का द्वितीयक संग्रहण एवं परिवहन (Secondary Collection & Transportation).—(क) प्रत्येक भंडारण डिब्बे / द्वितीयक भंडारण स्थल से कचरे का प्रतिदिन ऑटो टिप्पर, ट्रैक्टर, कम्पैक्टर आदि के माध्यम से संग्रहण किया जाएगा।

(ख) कचरे के परिवहन हेतु बंद (Closed) एवं खंडित (Compartmentalized) वाहन का उपयोग किया जाएगा, जिसमें गीले एवं सूखे कचरे के लिए अलग–अलग भाग (partition) हों। कचरे के बार–बार लोडिंग एवं अनलोडिंग की आवृत्ति को कम करने के लिए कम्पैक्टर का उपयोग किया जाएगा।

(ग) नगर निगम घरेलू खतरनाक कचरे के सुरक्षित भंडारण एवं उसके उचित निस्तारण हेतु खतरनाक अपशिष्ट निस्तारण केंद्र तक सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करेगा।

(घ) पृथक किए गए जैव–अवक्रमणीय कचरे को कम्पोस्ट प्लांट, बायो–मीथनेशन प्लांट अथवा अन्य प्रसंस्करण इकाइयों तक पहुँचाया जाएगा। ऐसे कचरे के लिए स्थल पर (on-site) प्रसंस्करण को प्राथमिकता दी जाएगी।

(ङ) अजैव–अवक्रमणीय कचरे को संबंधित प्रसंस्करण इकाइयों, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) या द्वितीयक भंडारण स्थलों तक पहुँचाया जाएगा। निर्माण एवं विध्वंस (C&D) कचरे का परिवहन निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा।

अध्याय–IV

नगर निगम ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण एवं निस्तारण

8. अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र (Waste Processing Plant).—नगर निगम को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्वीकृति के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन / प्रसंस्करण संयंत्र विकसित करना होगा, ताकि प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले जैव–अवक्रमणीय कचरे का उपयोग किया जा सके तथा सैनिटरी लैंडफिल स्थल पर डाले जाने वाले कचरे की मात्रा कम की जा सके।

(क) नगर निगम को सब्जी, फल, फूल, मांस, पोल्ट्री एवं मछली बाजारों से प्रतिदिन कचरा एकत्र करना होगा तथा इन बाजारों में या उनके आसपास उपयुक्त स्थानों पर विकेन्द्रीकृत कम्पोस्ट प्लांट या बायो–मीथनेशन प्लांट स्थापित करने को बढ़ावा देना होगा, जिससे स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी मानकों का पालन सुनिश्चित हो। समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देते हुए घरेलू कम्पोस्टिंग, बायोगैस उत्पादन एवं सामुदायिक स्तर पर विकेन्द्रीकृत कचरा प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किया जाएगा, साथ ही दुर्गंध नियंत्रण एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

(ख) जैव–अवक्रमणीय कचरे के प्रसंस्करण हेतु नगर निगम को कम्पोस्टिंग संयंत्र–जैसे विंडरो कम्पोस्ट प्लांट, वर्मी–कम्पोस्टिंग प्लांट, वेस्ट–टू–एनर्जी प्लांट अथवा अन्य उपयुक्त तकनीक स्थापित करनी होगी, जिसे नगर निगम स्वयं या किसी लाइसेंस प्राप्त कंपनी / फर्म / संस्था की सहायता से Build–Operate–Transfer (BOT) अथवा ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड (OO) पद्धति पर संचालित कर सकता है।

(ग) मिश्रित पुनर्चक्रण योग्य कचरे के प्रसंस्करण हेतु नगर निगम को रीसाइक्लिंग इकाइयाँ–जैसे इंसीनेरेशन, RDF प्लांट अथवा अन्य उपयुक्त तकनीक–स्वयं या किसी लाइसेंस प्राप्त कंपनी / फर्म / संस्था के सहयोग से BOT/OO पद्धति पर स्थापित करनी होंगी।

(घ) नगर निगम गैर–जैव–अवक्रमणीय / सूखे कचरे को RDF (Refuse Derived Fuel) के रूप में निकटवर्ती सीमेंट फैक्ट्रियों को सह–प्रसंस्करण (co-processing) हेतु भेज सकता है।

9. अपशिष्ट निस्तारण (Waste Disposal).—(क) सैनिटरी लैंडफिल की स्थापना एवं संचालन की निर्धारित समय–सीमा पूर्ण होने के पश्चात नगर निगम मिश्रित कचरे का लैंडफिल / डंपिंग पूर्णतः बंद करेगा।

(ख) केवल गैर–उपयोगी, गैर–पुनर्चक्रण योग्य, गैर–जैव–अवक्रमणीय, गैर–दहनशील एवं निष्क्रिय (inert) कचरा तथा प्रसंस्करण इकाइयों से उत्पन्न अवशेष एवं रिजेक्ट्स ही सैनिटरी लैंडफिल में डाले जाएंगे।

(ग) लैंडफिल स्थल का चयन एवं निर्माण ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 की अनुसूची–I में दिए गए मानकों के अनुसार होगा। साथ ही अधिकतम प्रयास किया जाएगा कि कचरे का पुनर्चक्रण या पुनः उपयोग किया जाए, ताकि लैंडफिल में जाने वाले कचरे की मात्रा न्यूनतम (शून्य के निकट) हो।

(घ) नगर निगम सभी पुराने खुले डंपसाइट्स एवं वर्तमान में संचालित डंपसाइट्स का सर्वेक्षण एवं विश्लेषण करेगा, ताकि उनमें बायो–माइनिंग एवं बायो–रिमेडिएशन की संभावनाओं का आकलन किया जा सके। जहाँ संभव हो, इन तकनीकों के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

(ङ) जहां डंपसाइट पर बायो–माइनिंग या बायो–रिमेडिएशन संभव नहीं है, वहाँ पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने हेतु वैज्ञानिक पद्धति से लैंडफिल कैपिंग (Landfill Capping) की जाएगी।

अध्याय–V
वार्ड समिति द्वारा निगरानी

10. वार्ड स्वच्छता समिति का गठन.—नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में एक वार्ड स्वच्छता समिति का गठन किया जाएगा। वार्ड स्वच्छता समिति में 11 से 15 सदस्य होंगे। इस समिति के सदस्यों में वार्ड सदस्य, स्वच्छता निरीक्षक, कर संग्राहक या नगर निगम द्वारा नामित अधिकारी, संबंधित वार्ड की रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (RWA) के प्रतिनिधि, स्लम स्वच्छता समिति के प्रतिनिधि, सामुदायिक आधारित संगठनों (जैसे स्वयं सहायता समूह, युवा क्लब आदि) के प्रतिनिधि, स्थानीय नेता, वरिष्ठ नागरिक आदि शामिल होंगे। **वार्ड स्वच्छता समिति संबंधित वार्ड में स्वच्छता गतिविधियों की निगरानी एवं पर्यवेक्षण करेगी।**

अध्याय–VI
हितधारकों की जिम्मेदारियां

11. विभिन्न हितधारकों की जिम्मेदारियां.—(क) कचरा उत्पादकों की जिम्मेदारियां:

i. कोई भी कचरा उत्पादक अपने द्वारा उत्पन्न कचरे को सड़क, खुले स्थान, नाली या जल निकायों में नहीं डालेगा।

ii. कोई भी व्यक्ति अपने घर, संस्था या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान से निकलने वाले गंदे पानी, कीचड़, मल, गोबर, मूत्र या अन्य प्रदूषित जल को अपने परिसर में एकत्रित नहीं होने देगा तथा न ही उसे सार्वजनिक सड़कों पर इस प्रकार बहने देगा जिससे दुर्गंध फैले या जन स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न हो।

iii. उपयोग किए गए सैनिटरी अपशिष्ट को उत्पन्न होते ही अखबार या उपयुक्त जैव–अवक्रमणीय सामग्री में सुरक्षित रूप से लपेटकर गैर–जैव–अवक्रमणीय कचरे के लिए निर्धारित घरेलू डिब्बे में डाला जाएगा।

iv. सभी नागरिक अपने परिसर में उत्पन्न पुनर्चक्रण योग्य कचरे को नगर निगम द्वारा अधिकृत कचरा बीनने वालों / संग्रहकर्ताओं या नगर निगम के कंटेनरों में ही डालेंगे और किसी भी स्थिति में सड़क पर नहीं फेंकेंगे।

v. सभी कचरा उत्पादक इन उपविधियों में निर्धारित उपयोगकर्ता शुल्क का भुगतान करेंगे।

vi. कोई भी कचरा उत्पादक अपने द्वारा उत्पन्न ठोस कचरे को सड़क, सार्वजनिक स्थान, अपने परिसर के बाहर, नालियों या जल निकायों में न तो फेंकेगा, न जलाएगा और न ही दबाएगा।

vii. कोई भी व्यक्ति मृत पशु या उसके अवशेषों को किसी सार्वजनिक स्थान या ऐसे स्थान पर नहीं डालेगा जिससे प्रदूषण फैलता हो।

viii. यदि कोई व्यक्ति निषिद्ध गतिविधियों का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है, तो नगर निगम द्वारा उस पर जुर्माना लगाया जाएगा।

(ख) वार्ड स्वच्छता समिति की जिम्मेदारियां:

i. वार्ड स्वच्छता समिति वार्ड में स्वच्छता एवं सफाई गतिविधियों की निगरानी करेगी

ii. यह समिति वार्ड स्तर पर स्वच्छता से संबंधित शिकायतों के निवारण का केंद्र (Grievance Redressal Point) होगी।

iii. समिति को उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने का अधिकार होगा।

iv. समिति घरेलू कम्पोस्टिंग, बायोगैस उत्पादन एवं सामुदायिक स्तर पर विकेन्द्रीकृत कचरा प्रसंस्करण को बढ़ावा देगी, साथ ही दुर्गंध नियंत्रण एवं स्वच्छता बनाए रखने पर ध्यान देगी।

v. समिति इन उपविधियों के उल्लंघनकर्ताओं को चेतावनी देगी। वार्ड स्वच्छता समिति या नगर निगम द्वारा दो बार चेतावनी देने के पश्चात भी उल्लंघन जारी रहने पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार दंड लगाया जाएगा।

(ग) नगर निगम की जिम्मेदारियां:

i. नगर निगम बद्दी अपने क्षेत्राधिकार में सभी सड़कों, सार्वजनिक स्थानों, अस्थायी बस्तियों, झुग्गियों, बाजारों, अपने पार्कों, उद्यानों, पर्यटन स्थलों एवं श्मशान / कब्रिस्तान आदि की प्रतिदिन एवं वर्षभर सफाई सुनिश्चित करेगा तथा निकटतम घोषित भंडारण स्थलों से कचरा एकत्र कर बंद वाहनों के माध्यम से प्रतिदिन अंतिम निस्तारण स्थल तक पहुँचाएगा। इसके लिए नगर निगम अपने स्थायी स्टाफ एवं वाहनों के अतिरिक्त निजी एजेंसियों को पीपीपी (PPP) मोड पर नियुक्त कर सकता है।

ii. नगर निगम या उसकी अधिकृत एजेंसी सार्वजनिक सड़कों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर उपयुक्त सामुदायिक डिब्बों की व्यवस्था एवं रखरखाव सुनिश्चित करेगी।

iii. स्वच्छता गतिविधियों के विकेन्द्रीकृत एवं नियमित प्रबंधन हेतु नगर निगम प्रत्येक वार्ड में एक वार्ड अधिकारी नामित करेगा, जो कंटेनरों, सार्वजनिक शौचालयों, सामुदायिक शौचालयों, यूरिनल, ट्रांसफर स्टेशन, लैंडफिल एवं प्रसंस्करण इकाइयों आदि की निगरानी करेगा।

iv. नामित वार्ड अधिकारी संबंधित वार्ड स्वच्छता समिति का सदस्य होगा तथा वार्ड स्तर पर स्वच्छता से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु प्रथम संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करेगा।

